# कार्यालय, जनपद न्यायाधीश, गाजियाबाद।

दिनांक 25 जून, 2026

## सार्वजनिक सूचना

सार्वजनिक रूप से सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय, गाजियाबाद में उपलब्ध कुल 07 जनरेटर्स(250KVA, 160 KVA, 50KVA, 25KVA, 20KVA एवं 15-15KVA) की सर्विसिंग एवं आवश्यक मरम्मत कार्य किये जाने हैं। उपरोक्त के सम्बन्ध में जनपद गाजियाबाद में स्थित सम्बन्धित पंजिकृत फर्मो से उपरोक्त वर्णित जनरेटर्स की सर्विसिंग एवं आवश्यक मरम्मत सम्बन्धी कार्य किये जाने हेतु बन्द लिफाफे में निविदाएं, जो कि जनपद न्यायाधीश, गाजियाबाद के नाम से हो, दिनांक 06 जुलाई, 2026 की सायं 03.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है।

सम्बन्धित पंजिकृत फर्म निविदा प्रस्तुत किये जाने से पूर्व उपरोक्त वर्णित जनरेटर्स का निरीक्षण यथा स्थान पर तथा निविदा फार्म(निःशुल्क) एवं अन्य कोई जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे सायं 05.00 बजे तक केन्द्रीय नाजिर, जनपद न्यायालय, गाजियाबाद से प्राप्त किया जा सकता है।

प्रत्येक निविदा फार्म के साथ निविदा के साथ "जनपद न्यायाधीश, गाजियाबाद" के पक्ष में देय अंकन 10,000/-(रूपये दस हजार) का बैंक डिमांड ड्राफ्ट दिनांक 06.07.2026 की सायं 03.00 बजे तक नजारत कार्यालय में जमा करना होगा। निविदा फार्म के अतिरिक्त अन्य प्रारूप पर प्रेषित निविदाएं स्वीकार्य नही होगी। समस्त निविदाएं उसी दिन सायं 04.00 बजे सम्बन्धित समिति के समक्ष खोली जायेगीं।

25/6/26

प्रभारी अधिकारी नजारत/
विशेष न्यायाधीश(पोक्सो)
गाजियाबाद।
**Officer Incharge Nazarat**
District Court, Ghaziabad

प्रतिलिपि नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतुः-

01- जनपद न्यायाधीश, गाजियाबाद।
02- जिलाधिकारी, गाजियाबाद।
03- मुख्य विकास अधिकारी, विकास भवन, गाजियाबाद।
04- नगर आयुक्त, नगर निगम, गाजियाबाद।
05- गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद।
06- सिस्टम ऑफिसर, जनपद न्यायालय, गाजियाबाद को इस कार्यालय एवं माननीय उच्च न्यायालय की वैबसाईट पर प्रकाशित किये जाने हेतु।
07- स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशित किये जाने हेतु।

25/6/26

प्रभारी अधिकारी नजारत/
विशेष न्यायाधीश(पोक्सो)
गाजियाबाद।
**Officer Incharge Nazarat**
District Court, Ghaziabad